दिन–शुक्रवार दिनांक– 05 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने मतदान प्रतिशत बढाने के लिए चयनित जिलों के निगम आयुक्तों और चुनाव अधिकारियों को मतदान केन्द्र वार कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया है। उन्होंने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अलग–अलग कार्यनीतियां बनाने को कहा है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने आज नई दिल्ली में बिहार समेत ग्यारह राज्यों के निगम आयुक्त और चुनाव अधिकारियों के साथ बैठक की, जहां पिछले चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी कम रही थी। बैठक का उद्देश्य इस लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढाना है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने अधिकारियों को इस प्रकार काम करने का निर्देश दिया जिससे मतदाता लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी से गौरवान्वित महसूस करें। उन्होंने ऐसे प्रयासों की अपील की जिसमें लोग मतदान के लिए स्वयं प्रेरित हों। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में कम मतदान वाले दो सौ पन्द्रह ग्रामीण और इक्यावन शहरी संसदीय क्षेत्रों की पहचान की गई है, जहां मतदाताओं की भागीदारी बढाने के प्रयास किये जाएंगे। इसके लिए उन्होंने मतदान केन्द्रों पर सुविधाएं बढाने, लक्षित ढंग से मतदाताओं तक पहुंचने तथा लोगों को प्रोत्साहित करने पर बल दिया। बिहार के कुछ चयनित जिलों के चुनाव अधिकारी विचार–विमर्श में शामिल हुए।

————————————————————————

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र जारी कर दिया है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने आज नई दिल्ली में घोषणा पत्र जारी किया। इसमें प्रतिदिन चार सौ रूपये की न्यूनतम मजदूरी की गारंटी, प्रत्येक गरीब परिवार को प्रतिवर्ष एक लाख रूपये, केन्द्र सरकार की नौकरियों में महिलाओं के लिए पचास प्रतिशत सीटों का आरक्षण, न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी और राष्ट्रीय स्तर पर जाति आधारित जनगणना के वायदे शामिल हैं। कांग्रेस ने अगले दशक में तेईस करोड़ लोगों के जीवन में सुधार लाकर गरीबी समाप्त करने का भी वायदा किया है।

————————————————————————

छब्बीस अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, बांका और भागलपुर संसदीय क्षेत्रों में आज नामांकन पत्रों की जांच की

जा रही है। अभ्यर्थी आठ अप्रैल तक नाम वापस ले सकते हैं। इन सीटों से कुल छियासी उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र भरे हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार भागलपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से सबसे अधिक इक्कीस उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र भरे हैं। वहीं, कटिहार से बीस और बांका से उन्नीस उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है। किशनगंज संसदीय क्षेत्र से पंद्रह उम्मीदवारों ने नामांकन भरा है।

————————————————————————

जदयू के वरिष्ठ नेता और राज्य सरकार के मंत्री महेश्वर हजारी के पुत्र सन्नी हजारी आज कांग्रेस में शामिल हो गये। पटना में आयोजित समारोह में उन्होंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। राजनीति हलकों में उन्हें समस्तीपुर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार बनाये जाने की चर्चा है।

————————————————————————

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति–दो हजार बीस के अनुसार परीक्षा आकलन और मूल्यांकन विधियों में परिवर्तन किया है। इस नई पहल में सक्षमता आधारित प्रश्न अधिक होंगे जबकि अभिव्यक्ति आधारित प्रश्नों की संख्या कम होगी। संशोधित दिशानिर्देश के अनुसार ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा की परीक्षाओं में बहुविकल्पीय प्रश्न, स्थिति आधारित प्रश्न या किसी अन्य प्रकार के प्रश्न चालीस से बढ़ाकर पचास प्रतिशत कर दिये गये हैं। दूसरी ओर लघु उत्तरीय और दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों सहित अभिव्यक्ति आधारित प्रश्न दो हजार चौबीस–पच्चीस सत्र की परीक्षाओं में चालीस प्रतिशत से घटाकर तीस प्रतिशत कर दिये गये हैं।

————————————————————————

राजधानी पटना सहित पूरे प्रदेश के तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान नौ शहरों– औरंगाबाद, बांका, भोजपुर, सीवान, नवादा, रोहतास, खगड़िया और गोपालगंज का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस को पार कर गया। वहीं, इस अवधि में बयालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान उनतालीस डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले दो दिनों के दौरान राज्य के अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की और बढ़ोतरी हो सकती है।

————————————————————————

आज रमजानुल मुबारक का अंतिम जुमा है। इसे अलविदा जुमा भी कहते हैं। इस अवसर पर राजधानी पटना सहित राज्य की सभी जामा मस्जिदों में नमाजियों और श्रद्धालुओं ने नमाज–ए–जुमा अदा की और शांति, प्रेम तथा सौहार्द की दुआ मांगी।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।